आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 24.09.2025 समय : 02.10 pm

**मुख्यमंत्री-बालाघाट**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बालाघाट जिले के कटंगी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किसानों को बड़ी सौगात देंगे। इस दौरान वे समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले 6 लाख 69 हजार किसानों के खातों में 337 करोड़ 12 लाख रुपये की बोनस राशि सिंगल क्लिक के जरिए से अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 4315 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव 244 करोड़ रुपये की लागत से 75 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे।

**प्रधानमंत्री स्मृति चिन्ह ई-नीलामी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों से प्रधानमंत्री स्मृति चिन्ह ई-नीलामी के सातवें संस्करण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया है। यह नीलामी pmmementos.gov.in पर 2 अक्टूबर तक जारी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इस नीलामी में भारत की संस्कृति और रचनात्मकता को दर्शाने वाली कृतियाँ शामिल हैं। इस वर्ष की ई-नीलामी में पूरे देश से एक हजार तीन सौ से अधिक अनूठी वस्तुएँ प्रदर्शित की जा रही हैं। नीलामी से प्राप्त सभी आय नमामि गंगे परियोजना में योगदान करेगी।

**जीएसटी सुधार - खाद्य उत्पाद**

वस्तु और सेवा कर - जीएसटी सुधार अगली पीढ़ी के भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अब लोग जीएसटी सुधारों का लाभ उठा सकते हैं, जो इस महीने की 22 तारीख को लागू हो चुके हैं। विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करने वाले ये सुधार लोगों को काफी राहत दे रहे हैं।

**वैष्णव-वंदे भारत स्लीपर**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आगामी त्योहारों के दौरान पहली अक्टूबर से 15 नवंबर तक बारह हज़ार विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा की। उन्होंने कल नई दिल्ली में कहा कि दस हज़ार रेलगाड़ियों को अधिसूचित कर दिया गया है और 150 पूरी तरह से अनारक्षित ट्रेनों को अंतिम क्षणों में तुरंत परिचालन के लिए तैयार रखा जाएगा।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून ने अभी विदाई नहीं ली है। आज मौसम विभाग ने सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों में तेज बारिश की चेतावनी जारी की है। प्रदेश में अब तक 44 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 19 प्रतिशत ज्यादा है। गुना और रायसेन ऐसे जिले हैं, जहां 61 इंच से अधिक पानी गिर चुका है।

**एशिया कप- भारत-बांग्लादेश**

एशिया कप टी-20 क्रिकेट में आज सुपर फोर में भारत का सामना बांग्लादेश से होगा। यह मैच रात आठ बजे दुबई में खेला जाएगा। आज की विजेता टीम का फाइनल में जाना तय हो जाएगा। दोनों ही टीमों ने सुपर फोर में अपने पहले मैच जीते हैं। भारत ने पाकिस्तान को और बांग्लोदश ने श्रीलंका को हराया।

**समाचार संक्षेप** :-

- सुपोषण एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पर फोटो प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कल से दमोह के मानस भवन में किया जायेगा। दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा किया जा रहा है।

- आगरमालवा नगर पालिका द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत नगरवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और शहर को स्वच्छ बनाने के लिए कल विभिन्न गतिविधियां की गई।

- खण्डवा में सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कल जिले के सरकारी अस्पतालों में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो , इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये हैं।

-----------------------------